भाजपा के पूर्व विधायक आहूजा के विवादित बोल से मचा बवाल

■ कांग्रेसियों ने फूंका पुतला, माफी मांगने की मांग

अजमेर, (कासं)। भाजपा के पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा द्वारा नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली पर दिए गए विवादित बयान से कांग्रेसियों बवाल मच गया है। मंगलवार को शहर अध्यक्ष विजय जैन के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया और आहूजा का पुतला फूंक कर सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की। मालूम हो कि आहूजा ने नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली द्वारा राम मंदिर दर्शन के बाद गंगाजल छिडक़ने वाली बात कही थी।

अजमेर शहर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष विजय जैन ने बताया कि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दिशा निर्देश पर अजमेर शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व विधायक ज्ञान देव आहूजा और भारतीय जनता पार्टी की पर्ची सरकार का पुतला फूंक कर नाराजगी जताई है। जैन ने कहा कि दलितों के प्रति उनकी बातें हैं वह एक-एक कर बिगड़े बोल सामने आ रहे हैं। जैन ने कहा कि यह सब जनता देख रही है। जाति और धर्म के आधार पर भाजपा राजनीति कर रही है। भाजपा के दो चेहरे हैं, जोकि साफ नजर आ रहे हैं। इससे पहले भी भीमराव अंबेडकर के लिए भी टिप्पणी की गई थी। ज्ञानदेव आहूजा की ओर से मंदिर में जाकर शुद्धिकरण करना यह भारतीय जनता पार्टी की मानसिकता को दर्शाता है। ज्ञानदेव आहूजा के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए और वह सार्वजनिक रूप से माफी मांगे नहीं तो कांग्रेस बड़ा आंदोलन करेंगे। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व अजमेर सरस डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी ने कहा कि भाजपा में एक ऐसा मेंटल केस है, जिसका मेडिकल बोर्ड गठित कर जांच करनी चाहिए। यह मेंटली फिट नहीं है।

पूर्व विधायक आहूजा व भाजपा सरकार का पुतला फूंकते कांग्रेसी।

इस घटना से दलितों का अपमान हुआ है। भारतीय जनता पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर जनता से माफी मांगनी चाहिए। प्रदर्शन में अजमेर डेयरी के अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी पीसीसी सदस्य हेमंत भाटी, भागचंद गुर्जर, प्रताप यादव शिव कुमार बंसल, श्याम प्रजापति, विपिन बेसिल, नरेश सत्यवाना, हितेश्वरी टांक, अनीता चौरसिया, मंजू बलई तारा यादव लक्ष्मी बुन्देल, गजेंद्र सिंह रलावता, सुनील धानका, मनोज कंजर, कैलाश कोमल, नीरज यादव आलोक गुप्ता, मनीष शेट्टी, अंकुर त्यागी, चंदन सिंह निर्मल बेरवाल, शमसुद्दीन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे!

पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष राठौड़ ने जताई नाराजगी : पूर्व आरटीडीसी के अध्यक्ष धर्मेन्द्र राठौड़ ने नाराजगी जताते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के मंदिर जाने के बाद भाजपा नेता ज्ञानदेव आहूजा द्वारा गंगाजल छिडक़ना भारतीय जनता पार्टी की दलितों के प्रति दुर्भावना को दर्शाती है। वर्तमान के दौर में भाजपा नेताओं द्वारा दर्शाई गई संकीर्ण मानसिकता कतई स्वीकार्य नहीं है। इसकी जितने शब्दों में निंदा की जाए वह कम है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष अपने वरिष्ठ नेता को अपनी पार्टी के इस व्यवहार पर अपना रवैया जरूर स्पष्ट करना चाहिए। जनता जानना चाहती है कि क्या इस घृणित कृत्य के लिए भाजपा अपने नेता पर कार्रवाई करेगी।

जन सेवा शिविर बुधवार को

अजमेर। आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए प्रत्येक माह के द्वितीय गुरुवार को अटल जन सेवा शिविर का आयोजन किया जाता है। इस माह के द्वितीय गुरूवार को सार्वजनिक अवकाश होने के कारण समस्त ब्लॉक स्तर पर अटल जन सेवा शिविर का आयोजन बुधवार 9 अप्रैल को किया जा रहा है। जिला कलक्टर द्वारा जनसुनवाई एवं पर्यवेक्षण करने के साथ ही जनसुनवाई में प्राप्त परिवादों की समीक्षा भी की जाएगी। अतिरिक्त जिला कलैक्टर ज्योति ककवानी ने बताया कि उपखण्ड स्तर पर आयोजित होने वाली जनसुनवाई को अटल जन सेवा शिविर में समायोजित किया गया है।

ये शिविर प्रात: 10 बजे से जन सुनवाई पूरी होने तक आयोजित होंगे। इनमें समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इनके लिए सम्बन्धित उपखण्ड अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उपखण्ड पुष्कर एवं रूपनगढ़ के शिविर उपखण्ड मुख्यालय पर तथा उपखण्ड अजमेर, नसीराबाद, किशनगढ़, पीसांगन, अरांई, केकड़ी, सावर, भिनाय एवं सरवाड़ के शिविर पंचायत समिति मुख्यालय पर आयोजित होंगे। जिला कलक्टर लोक बन्धु द्वारा भिनाय के शिविर में जनसुनवाई की जाएगी।

सार-समाचार

शिविर में 110 रोगी हुए लाभान्वित

शिविर में मरीजों की जांच करते हुए चिकित्सक।

अजमेर, (कासं)। श्री प्राज्ञ मृगी रोग निवारक समिति गुलाबपुरा द्वारा मंगलवार को संस्था परिसर में नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। संस्था के मंत्री पदमचंद खटोड़ ने बताया कि कैंप में वरिष्ठ डॉ. आरके चंडक ने अपनी सेवाएं दी, शिविर में 110 मरीजों को सेवाएं प्रदान की तथा निशुल्क दवा का वितरण किया गया। कैम्प के लाभार्थी स्व.हस्तीमल कोठारी की पुण्य स्मृति में संजय कुमार सुशील कुमार कोठारी बैंगलोर जालियां 2 एवं स्वर्गीय खिल्ली देवी धर्मपत्नी स्व.चूहड़मल पेशवानी की पुण्य स्मृति में तेजुमल, सतीश, चेतनदास पेशवानी पूर्व पालिका अध्यक्ष गुलाबपुरा की ओर से यह शिविर आयोजित किया गया। माह के चारों शिविरों में डॉ. राकेश चौधरी राजकीय चिकित्सालय गुलाबपुरा की देखरेख में संपन्न हुआ, जिसमें 225 से व्यक्तियों ने लाभ उठाया। अनिल चौधरी ने मरीजों को मृगी रोग से बचाव व योगा के बारे में विस्तार से समझाया। संस्था के मंत्री पदमचंद जैन खटोड़ ने संस्था की गतिविधि की जानकारी दी। अध्यक्ष घेवर चंद श्रीमाल ने लाभार्थी का स्वागत अभिनंदन किया। संगठन मंत्री पारस मल बाबेल ने आभार व्यक्त किया। चेतनदास पेशवानी व गौरव पेशवानी ने सभी मरीजों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की शुभ कामनाएं देते हुए संस्था के कार्यों की सराहना की। शिविर में लाभार्थी परिवार के दीपा, कन्हैया, श्याम, मनोज, मुकेश, गौरव पेशवानी उपस्थित रहे। संस्था के मदनलाल लोढ़ा, मदनलाल रांका, सुरेश लोढ़ा, बंसीलाल डोसी, प्रेम पाड़लेचा दिनेश जोशी, कमल कावडिय़ा, दिलीप पाराशर, अनिता रांका, पूजा कोठारी आदि ने सेवाएं प्रदान की। शिविर का संचालन अनिल चौधरी ने किया।

3 सिलेण्डर जब्त

अजमेर । रसद विभाग द्वारा घरेलू एलपीजी सिलेण्डरों के अवैध उपयोग की सूचना पर नसीराबाद रोड़ क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेण्डरों की धरपकड़ का अभियान चलाया गया। मंगलवार को जांच दल द्वारा 3 घरेलू एलपीजी सिलेण्डर जब्त किए गए। जिला रसद अधिकारी प्रथम रतन कौर ने बताया कि ओम चाट भण्डार नसीराबाद रोड़ से 2 एवं ओम जी चाट भण्डार नसीराबाद रोड़ से एक घरेलू एलपीजी सिलेण्डर जब्त किए गए। इन फर्मों का यह कृत्य एलपीजी ऑर्डर-2000 का उल्लंघन है। साथ ही ये प्रकरण ईसी एक्ट 1955 की धारा 6 ए में जिला कलक्टर के न्यायालय में प्रस्तुत किए जाएंगे।

हमारे कर्म हमे ही भोगने पड़ेंगे : महासती प्राची

■ विश्व नवकार दिवस आज, जैन समाज करेगा नवकार का जाप

आसींद । जीतो एवं सकल जैन संघ की प्रेरणा से विश्व नवकार दिवस पर वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ द्वारा इंद्रमल भंवरी देवी प्रवचन हाल में बुधवार को प्रात: 8.01 बजे से नवकार महामंत्र का सामूहिक जाप महासती प्राची म.सा. आदि ठाणा 4 के सानिध्य में आयोजित किया जाएगा। महासती ने मंगलवार को प्रात: पुरानी परासोली से विहार करके आसींद में मंगल प्रवेश किया।

महासती ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे कर्म जो हमने किए है वो हमे ही भोगने पड़ेंगे। कर्म किसी को भी नहीं छोड़ते है यहां तक कि जो तीर्थंकर हुए है उन्हें भी कर्मों को भोगना पड़ा है। जैसा हम बीज बोएंगें वैसा ही हमे मिलेगा। राग और द्वेष को खत्म करना है जिस दिन यह खत्म हो गया उस दिन आप जैन कहलाने के अधिकारी हो, जो आत्मा को जानता है वह जैन है। संसार का हर जीव शांति चाहता है तो फिर अशांति का वातावरण निर्मित ही क्यों करें। शांति रखने से परिवार, व्यापार, मित्रता सभी अच्छे से चलते है। साध्वी देवांशी ने भगवान महावीर की गाथा का 19 वे भव का वाचन किया जिसे सुनकर श्रावक श्राविकाएं मंत्र मुग्ध हो गए। श्रावक सुरेंद्र संचेती ने बताया कि भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव 10 अप्रैल को तप त्याग के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर शोभा यात्रा एवं दीक्षार्थी भाइयों का वरघोड़ा सकल जैन संघ द्वारा निकाला जायेगा।

कांग्रेस का हल्ला बोल 16 अप्रैल को

मदनगंज-किशनगढ़ । विधायक विकास चौधरी ने भाजपा पर आरोप लगाया की शहरी क्षेत्र में वार्डों के परिसीमन पर कांग्रेस के वार्डों को विलोपित किया है। विधायक चौधरी ने कार्यालय पर वार्ड पार्षद सहित कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर आपत्तियां दर्ज कराने को लेकर रूपरेखा तैयार की। नगर परिषद द्वारा पट्टा वितरण में देरी, भ्रष्टाचार, सफाई व्यवस्था व अन्य अनियमितताओं के खिलाफ 16 अप्रैल को नगर परिषद का घेराव किया जाएगा। विधायक चौधरी ने नगर परिषद की अव्यवस्थाओं के खिलाफ विधानसभा में आमजन की आवाज को उठा चुके हैं। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष मोहित खंडेलवाल, प्रतिपक्ष नेता हमीदा बानो, नगर अध्यक्ष आजम कुरैशी, पूर्व उपसभापति विपेंद्र सिंह, राधेश्याम वैष्णव, अभिषेक परसोया सहित कई वरिष्ठ नेता कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

आश्रय स्थल की व्यवस्थाओं पर चर्चा

■ गहलोत ने की जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्वाति शर्मा से मुलाकात

मेड़ता सिटी । रैन बसेरा समिति के सदस्य सामाजिक कार्यकर्ता जितेन्द्र गहलोत ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला सचिव एवं एडीजे श्वाति शर्मा से मुलाकात की। इस दौरान जितेंद्र गहलोत ने गत दिनों जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित रैन बसेरों आश्रय स्थल की व्यवस्थाओं और इनके उपयोग के बारे में विस्तृत चर्चा की।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्वाति शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार की महत्त्वपूर्ण योजनाओं का लाभ जरूरत मन्द को मिल सके इसके लिए भरसक प्रयास करने चाहिए।

साथ ही उन्होंने कहा कि माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा समय समय पर जारी दिशा निर्देशो की पालना करके आम जन की सहभागिता के सामाजिक ताने बाने को बनाए रखने के लिए अपेक्षित कार्य करने चाहिए।

इस मुलाकात के दौरान स्थाई लोक अदालत सदस्य एडवोकेट विमलेश व्यास ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किए जा रहे कार्यों की चर्चा की तथा आगामी दिनों में आने वाली स्कीम्स के बारे में आम नागरिकों को जागरूक करने हेतु उपयुक्त कदम उठाने और उनके क्रियान्वयन की दिशा में काम करने की चर्चा की। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता रविन्द्र कुमार गहलोत भी मौजूद रहे।

अटल सेवा शिविर का आयोजन आज

नसीराबाद, (निसं)। जनसेवा को प्राथमिकता देते हुए जिला प्रशासन द्वारा आज 9 अप्रैल को अटल जन सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर प्रात: 10 बजे से शाम 4:30 बजे तक अथवा जनसुनवाई पूर्ण होने तक पंचायत समिति श्रीनगर के सभागार में आयोजित होगा। राज्य सरकार के निर्देशानुसार अवकाश के दिनों में भी जन अभियोग एवं निराकरण विभाग द्वारा ऐसे शिविरों का आयोजन सुनिश्चित किया गया है, जिससे आमजन की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान मौके पर ही किया जा सके। विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर शिविर में राजस्व, पंचायत राज, ग्रामीण विकास, सामाजिक न्याय, जलदाय, विद्युत, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे। नागरिक अपने विभागीय कार्य जैसे प्रमाण पत्र, शिकायत निवारण, योजनाओं से जुड़ी जानकारी व लाभ हेतु आवेदन यहीं कर सकेंगे।

राजस्व वसूली में उत्कृष्ट कार्य पर प्रबंध निदेशक ने की सभी अधिकारियों की हौसला अफजाई

अजमेर । अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के पंचशील स्थित मुख्यालय में माननीय प्रबंध निदेशक केपी वर्मा की अध्यक्षता में वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान प्रबंध निदेशक वर्मा ने निगम क्षेत्र में लगभग शत-प्रतिशत राजस्व वसूली तथा विद्युत छीजत को 8 प्रतिशत से कम सीमित रखने पर अधिकारियों को बधाई दी एवं उनके प्रयासों की सराहना की। बैठक के दौरान सभी श्रेणी के लंबित कनेक्शनों को त्वरित गति से जारी करने, गर्मी के मौसम में निर्बाध विद्युत आपूर्ति, ट्रिपिंग को कम करने, डिफेक्टिव मीटरों को बदलने, मटेरियल मैनेजमेंट, स्मार्ट मीटर, स्पॉट बिलिंग तथा बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के लिए सभी वरिष्ठ अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक की शुरुआत न्यू कनेक्शन मैनेजमेंट सिस्टम के प्रतिनिधियों की प्रेजेंटेशन से हुई। इस दौरान प्रबंध निदेशक व वरिष्ठ अधिकारियों ने ऩ्एश टीम को आवश्यक सुधारों के सुझाव दिए एवं उन्हें शीघ्र लागू करने के निर्देश दिए। श्री वर्मा ने निर्देशित किया कि एनसीएमएस संबंधी कार्यप्रणाली को बेहतर समझने हेतु अजमेर डिस्कॉम के प्रत्येक सर्कल में वर्कशॉप आयोजित की जाए, जिससे अधिकारियों व कर्मचारियों की सभी शंकाओं का समाधान हो सके इसके पश्चात ठीन ट्री कंपनी के प्रतिनिधि रोहित सोनी द्वारा डिमांड साइट मैनेजमेंट पर प्रेजेंटेशन दी गई। बैठक के दौरान निदेशक तकनीकी मुकेश चंद्र बाल्दी ने निर्देश दिए कि 33 केवी जीएसएस व लाइनों का मेंटेनेंस वर्ष में दो बार-एक बार अप्रैल से जून एवं दूसरी बार रबी की फसल से पूर्व सितंबर से नवंबर के मध्य-सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए शहरी क्षेत्रों में अप्रैल माह में ही जीएसएस का मेंटेनेंस कार्य पूर्ण कर लिया जाए तथा यह कार्य प्रात:काल जल्दी आरंभ कर 11 बजे तक पूर्ण करने का प्रयास किया जाए।

बैठक में निगम की कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ एवं उपभोक्ता हितकारी बनाने के लिए विभिन्न सुझावों पर चर्चा की गई एवं आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक के दौरान निदेशक तकनीकी मुकेश चंद बाल्दी, मुख्य लेखा नियंत्रक एम के गोयल, मुख्य अभियंता एम एल मीणा, अशोक कुमार, राजीव वर्मा, टीए टू एमडी अभिषेक गुप्ता सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

भाजपा नेता सुभाष चौधरी ने किया गांवों का दौरा

अरांई । युवा भाजपा नेता सुभाष चौधरी ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार में प्रदेश का अभूतपूर्व विकास करवाया जा रहा है। सबका साथ सबका विकास करते हुए समाज के हर तबके को फायदा पहुंच रहा है। चौधरी मंगलवार को अरांई क्षेत्र के दौरे में विभिन्न स्थानों पर ठामीणों से रूबरू हो रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा किसानों की हितैषी सरकार है। किसानों के हित में अनेक योजनाएं लागू की है। जिसका फायदा किसानों को मिल रहा है। सुभाष चौधरी ने चौसला, कटसूरा, अरांई, सील, सांदोलिया, ज्याणियों की ढ़ाणी छोटा लाम्बा सहित एक दर्जन से अधिक गांवों का दौरा किया। इस दौरान अरांई मण्ड़ल अध्यक्ष शिवरतन सिंह राठौड़, भाजपा महामंत्री जतन चौधरी, लक्ष्मण गोस्वामी श्योचन्द जाट, राजू ज्याणी, बद्री ज्याणी, भोजराज सारण, रामेश्वर चांगल, सांवरा जाट, कन्हैया लाल पुरी, करतार, भीचर व रामगोपाल चौधरी सहित कई लोग मौजूद रहे।

वृद्धाश्रम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

अजमेर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) सचिव महेन्द्र कुमार ढ़ाबी द्वारा नारी निकेतन का निरीक्षण किया गया। सचिव द्वारा मूलभूत सुविधाओं से लेकर गृहों के संचालन का जायजा लिया गया। सचिव द्वारा नारी निकेतन का संचालन, संस्थान के आधारभूत ढांचे एवं कार्यशैली के संबंध में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान अध्यनन सामठी, मनोरंजन एवं खेल-कूद की व्यवस्था, शौचालय, स्नानघर का जायजा लिया गया। रसोईघर, खाने-पीने की व्यवस्था का जायजा लिया गया। नारी निकेतन में आवासनियों के साथ रह रहे बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था के लिए राजकीय विद्यालयों में प्रवेश दिलाया जाता है। प्रति माह राजकीय चिकित्सालय से मनोरोग चिकित्सक द्वारा विजिट की जाती है। निकेतन में गर्भवती आवासनी के स्वास्थ्य व उसकी गर्भावस्था को ध्यान में रखकर उसकी चिकित्सा अथवा जांच सुनिश्चित की जाती है। नारी निकेतन में सुरक्षा की दृष्टि से पुरुष एवं महिला गार्ड की व्यवस्था है। वर्तमान में 35 महिलाएं आवासरत है। निरीक्षण के दौरान अधीक्षिका सुश्री पिंकी गोढवाल भी उपस्थित रही। सचिव द्वारा राजकीय बालिका गृह, अजमेर का निरीक्षण किया गया। गृह में मासिक रूप से चिकित्सक विजिट होती है। बालिका गृह में गर्मियों मे डेजर्ट कूलर एवं सर्दियों में कम्बल एवं रजाई उपलब्ध करवाई जाती है। आपात विद्युत आपूर्ति के लिए इवंर्टर की व्यवस्था है। बालिकाओं की काउसलिंग के लिए काउसंलर की व्यवस्था की गई है। वर्तमान में कुल बालिका गृह मे 19 बालिकाएं आवासरत है। निरीक्षण के दौरान अधीक्षिका सुश्री रेखा मेघवाल भी उपस्थित रही। सचिव द्वारा अवेयरनेस मॉड्यूल फोर सीनियर सिटीजन के तहत अपना घर आश्रम का निरीक्षण किया। दौराने निरीक्षण संस्था में स्टाफ की स्थिति, वृद्धजन को दी जाने वाली सहायता, कुशल परामर्शदाता, स्नानागार, पर्याप्त ओढने-बिछाने की व्यवस्था, वृद्धजन के दैनिक उपयोग की वस्तुओं की उपलब्धता, भोजन की व्यवस्था आदि के संबंध में पूछताछ कर जांच की गई।

नाम परिवर्तन

मेरे ड्राईविंग लाइसेंस में मेरा नाम भूलवश अमित अग्रवाल अंकित हो गया है जबकि मेरा सही एवं वास्तविक नाम अमृत अग्रवाल,AMRIT AGARWAL है अतः भविष्य में सभी आवश्यक कार्यों के लिए मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।
पता-अमृत अग्रवाल,163 एल.आई. सी. कॉलोनी, वैशाली नगर, अजमेर।

NAME CHANGE

I P.Elamma is Mother of Army No 15154102L, HAV, P.Kamaraju, Residing Vill- Loudigram, Po - Loudigram, Teh-Konisi, Dist-Ganjam, 760003 Have changed my name From P.Allamma to P.Elamma Vide affidavit no CA832254 Dt 8/4/2025 before court Campus Nasirabad

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, उ.प.रे., अजमेर, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से ई-निविदा सं. 42245623A दिनांक 05.04.25 को, जिसकी बंद होने की तारीख 05.05.25 को 14.25 बजे तक रहेगी, आमंत्रित कर रहे हैं. निविदाकार निविदा बंद होने की तारीख एवं समय तक ही अपनी मूल / संशोधित निविदा प्रस्तुत कर पाएंगे. मैनुअल (ई-निविदा के अलावा) प्रस्ताव इस निविदा के विरुद्ध मान्य नहीं होंगे. इस तरह के मैनुअल प्रस्तावों पर ध्यान नहीं दिया जायेगा। **आपूर्ति का विवरण:** Complete set of seat cushioning material molded type pu foam as per mcf specification No. mmdts 19020 rev-05 amendment-01 or latest/Silicon Foam for Seat & Berth as per RDSO Specification No. RDSO/2013/CG-13 (Rev 1) AND Fire Properties to EN 45545 Part-2 HL-3 OR Latest for LHB Second AC chair car (LWSCZAC - 78 seaters) (one set consists of 78 No. seats and 78 Nos. back) as per Drg. SKT-2023/33/C R-1 & SKT-2023/34/C R-1, **मात्रा:** 18. सेट्स, **निविदा प्रस्तुत करने की दिनांक एवं समय:** ई-निविदा को 05.05.2025 को 14.25 बजे तक प्रस्तुत किया जा सकता है, **वैबसाईट विवरण:** ireps.gov.in

397-PS/25

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर
टोडरमल लेन, सिविल लाईन्स, अजमेर, Email :- ajmerada@gmail.com,
Website :- www.rajasthan.gov.in/ada, Tel.No. :- 0145-2627748-2627749

क्रमांक :- अविप्रा/प.2/तकनीकी/2025-26/14623169 दिनांक :- 04/04/2025

ई-निविदा सूचना संख्या 02/2025-26

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर की ओर से विभिन्न कार्यों की अनुमानित लागत राशि 370.95 लाख की ई-निविदा दिनांक 22.04.2025 सांय 06:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट (http://eproc.rajasthan.gov.in) एवं (http://sppp.raj.nic.in) http://www.urban.rajasthan.gov.in/ada पर देखा जा सकता है।

UBN No. :- AJD2526WSOB00003-00006

राज.संवाद/सी/25/428 अधिशाषी अभियन्ता

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ (अजमेर) राज.

क्रमांक: न.प.कि./नाम हस्तान्तरण/2025/1032 **आम सूचना** दिनांक: 08/04/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम सावंतसर के खसरा संख्या 444/1 पर स्थित आवासीय (भूखण्ड क्षेत्रफल 281.23 वर्गगज) पर श्रीमती लाली देवी पत्नी स्व. श्री भंवर लाल ने आवेदन प्रस्तुत कर नाम हस्तान्तरण चाहा गया है।

उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है-

पूर्व में :- 60 फीट चौडा रास्ता पश्चिम में :- गली
उत्तर में :- 21 फीट चौडा रास्ता दक्षिण में :- रास्ता व प्रभुलाल प्रजापत का मकान

अत: उक्त नाम हस्तानान्तरण प्रकरण में किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 7 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मयाद किसी भी प्रकार की आपति स्वीकार नहीं होगी।

प्रभारी
नगर परिषद किशनगढ़

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज0

क्रमांक-न.प.वि./भूमि/2025/79 **लोक सूचना** दिनांक : 04.04.2025

(1) श्री आशिष बैरवा पुत्र श्री किशनलाल बैरवा(2) श्रीमती निर्मला देवी पत्नी श्री अश्वनी बैरवा निवासीगण बिजयनगर तहसील बिजयनगर जिला ब्यावर(राज.) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

जिले सहित तहसील का नाम	राजस्व ग्राम	खसरा संख्या	क्षेत्र
जिला ब्यावर तहसील बिजयनगर	बिजयनगर	517	1898.00 वर्गमीटर आवासीय प्रयोजनार्थ

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनु ज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक को जारी की गयी।

प्राधिकारी अधिकारी एवं
अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

कार्यालय नगरपालिका गुलाबपुरा जिला-भीलवाड़ा (राजस्थान)
भीलवाडा रोड रोडवेज बस स्टैण्ड के पास
E-Mail ID-combebp@yahoo.in spbgulabpura@gmail.com Telephone No.01483-223079

क्रमांक-न.पा.गु./2025/2105-08 **आपति आमंत्रण सूचना** दिनांक : 27.3.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर श्रीमती सकसाना बानु पत्नि श्री सरफत अली तेलीपाडा, गुलाबपुरा ने प्रार्थना पत्र पेश राजस्व ग्राम गुलाबपुरा के खसरा नम्बर 113/1.5023/113 5022/113 में भूखण्ड संख्या 13 बनाम 18.11x50 वर्गगज का एटा वितेख क्रमांक 178 दिनांक 20.03.2013 से श्री सरवर सिंह बम्ब पुत्र श्री साहूलाल बन्द निवासी गुलाबपुरा के नाम से जारी किया गया प्रार्थी द्वारा उक्त भूखण्ड संख्या 13 बनाम 18११x50 में से पश्चिमी दिशा की तरफ का हिस्सा बनाप 18.11X25 क्षेत्रफल 50.33 वर्गगज का विखण्डन वास्ते प्रकरण मालिका में प्रितुत किया गया है। जिसको नाप पत्रेस निम्नानुसार है-

भूखण्ड संख्या-13 का पश्चिम दिशा की तरफ का हिस्सा बनाप 18.11X25=50.33 वर्गगज
पूर्व - इसी प्लॉट कर शेष भाग स्थित पश्चिम- प्लॉट नम्बर 12 स्थित
उत्तर- आम रास्ता 30 फीट स्थित दक्षिण- प्लॉट संख्या 14 स्थित

उक्त पडौसान के मध्य स्थित भूखण्ड का पालिका द्वारा भूखण्ड संख्या 13 का पश्चिम दिशा की तरफ का हिस्सा बनाप 18.11X25-50.33 वर्गगज का विखण्डन किया जाता है। तो के संबंध में किसी को कोई भी आपति हो तो आपति प्रकाशन तिथि से 07 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष पालिका कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा। किसी को भी कोई आपति/ एतराज मान्य नहीं होगा।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका गुलाबपुरा

छात्राओं ने सीखे आत्म सुरक्षा के गुरु

■ 28 महिलाएं निर्भय ब्रावो अवार्ड से सम्मानित

अजमेर, (कासं)। छात्राओं में आत्मरक्षा के प्रति जागरुकता बढ़ाने तथा समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को प्रेरित करने दिशा में मंगलवार को सोफिया गर्ल्स कॉलेज में महिला आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर एवं निर्भया ब्रावो अवार्ड समारोह आयोजित हुआ। शिविर में शहर की 21 स्कूलों एवं संस्थाओं की एक हजार से भी अधिक छात्राओं ने भाग लिया।

करीब 2 घंटे तक छात्राओं को विभिन्न परिस्थितियों में अपनी सुरक्षा हेतु गुरु सिखाए गए। प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत विशेष तौर पर इस बात पर जोर दिया गया कि छात्राएं बिना किसी डर के अपनी सुरक्षा के लिए किस भी परिस्थिति में लड़ सकती है, अलग अलग प्रशिक्षण दिया गया।

आत्म रक्षा के गुर सिखाते हुए निर्भया सेना के पदाधिकारी तथा उपस्थित छात्राएं।

सोफिया कॉलेज की प्राचार्य प्रोफेसर सिस्टर पर्ल ने जानकारी देते हुए बताया कि सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि विधायक अनीता भदेल, सीआरपीएफ के श्रीराम मीणा, पद्मिनी सिंह, अंजना यादव, डॉ.रेखा मेहरा अतिथियों ने पुरस्कार वितरित किए।

पुरस्कार प्राप्त करने वालों में प्रोफेसर मीनाक्षी गहलोत, मेजर मीनाक्षी जैन, डॉ. ज्योति गजरानी, प्रोफेसर मोनिका कानन एवं मीना शर्मा शामिल रही। इसके अतिरिक्त निर्मला शर्मा, इंद्रकांत, सुमित्रा पाठक, प्रेरणा, द्रौपदी देवी, नीतू कुमारी, इंदिरा पंचोली, मधु खंडेलवाल, आयुषी उपाध्याय, भारती श्रीवास्तव, सोनिया बीजावत, प्रियंका, सरिता चौहान हेमलता, गीता मीणा एवं नीतू गुर्जर को भी यह सम्मान प्रदान किया गया।

इस प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाली विभिन्न संस्थाओं में आर्यन पब्लिक स्कूल देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, एच के एच पब्लिक स्कूल, ख्वाजा मॉडल, महाराजा अग्रसेन, मिशन गर्ल्स, क्वीन मैरी, रायन इंटरनेशनल, सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय, हरि कन्या स्कूल, सोफिया भट्टा, सोफिया कॉलेज, सोफिया स्कूल, सेंट फ्रांसिस नर्सिंग कॉलेज, सेंट फ्रांसिस स्कूल, सेंट टेरेसा स्कूल, गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज, सेंट जोसेफ, सेंट टेरेसा स्कूल एवं सोफिया स्कूल हाथी खेड़ा की करीब एक हजार से भी अधिक छात्राओं ने भाग लिया।

कार्यालय ग्राम पंचायत गुन्दली पंचायत समिति सुवाणा, जिला भीलवाड़ा

क्रमांक-न.प.गु./2025-26/03 -निविदा सूचना संख्या 1- दिनांक : 02/04/2025

जिला परिषद एवं ग्राम पंचायत गुन्दली द्वारा जारी निम्नांकित योजनाओं के कार्यों की स्वीकृतियां (एफ.एफ.सी व एस.एफ.सी षष्ठम एवं अन्य योजना) जी शिड्यूल के अनुसार, सक्षम श्रेणी में पंजीकृत